Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to take steps to protect the crops from wild animals.

श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर): अध्यक्ष महोदय, हमारा संसदीय क्षेत्र मुजफ्फरपुर कृषि प्रधान इलाका है । मुजफ्फरपुर की अस्सी प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है । आजादी के 70-72 वर्षों के बाद भी पूरे जिले में किसानों की स्थिति संतोषजनक नहीं है । किसानों की फसलें घोड़परास, बनहिया सुअर और नीलगाय द्वारा बर्बाद कर दी जाती है, जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ता है । सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है ।

हालांकि प्रधान मंत्री जी एवं मुख्य मंत्री जी के सहयोग से बिजली खेतों तक जानी शुरू हो गयी है लेकिन इसमें तेजी लाने की जरूरत है । मुख्य मंत्री जी के जल जीवन और हरियाली योजना से किसानों को लाभ मिलने की संभावना है ।

हमारे प्रधान मंत्री जी की नीति और नियत दोनों साफ है । प्रधान मंत्री जी सार्वजनिक मंच से कहते हैं कि हम किसानों की आय को दोगुना करेंगे । किसानों को इस पर भरोसा भी है । प्रधान मंत्री जी जो बोलते हैं उसे पूरा करते हैं ।

मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि राष्ट्रीय बीज निगम का विस्तार किया जाए और इसके साथ ही घोड़परास, सुअर और नीलगाय द्वारा फसलों की क्षति को रोकने के लिए सरकार कारगर कदम उठाए । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री अजय निषाद द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।